Internal Quality Assurance Cell

Program Report

आजादी का अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम

10.8.2022

श्रीमती कमला देवी गौरीदत मितल महिला(पी.जी.) महाविद्यालय में शुक्रवार को आजादी का अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत एन.एस.एस. की दोनो इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन प्राचार्य डॉ.मृत्युंजय कुमार पारीक ने किया उन्होने श्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र हित में सदैव श्रम करने के लिए तत्पर रहने का आहवान किया। स्वयंसेविकाओं ने अधिकारी सुदर्शन गोयल एवं कमलकांत सुथार के निर्देशन में महाविद्यालय में साफ–सफाई की। इसी प्रकार कक्षा कक्षों को सुव्यवस्थित किया गया तथा वृक्षों की कटाई–छटाई कर क्यारियों का निर्माण किया।

आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

सरदारशहर। मुन्नालाल राव

स्थानीय श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला पीजी महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत आइ क्यू एसी के तत्वावधान में राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन रखा जिसमें 50 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मृत्युंजय पारीक व समन्वयक सुश्री रीना वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रतिभागियों द्वारा बनाई गई सुंदर व कलात्मक राखियां सीमा सुरक्षा बल के सैनिक भाइयों को भेजी गई हैं। इसी क्रम में आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत छात्राओं को तिरंगे का वितरण किया गया वहीं एन एस एस की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में पौधरोपण कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय प्रांगण में छायादार व फलदार पौधे लगाए गए। पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य पारीक ने पौधा लगाकर किया तत्पश्चात स्वयं सेविकाओं ने एन एस एस अधिकारी सुदर्शन गोयल व कमल कांत सुथार के निर्देशन में पौधे लगाए।महाविद्यालय स्टाफ सदस्यों ने भी पौधे लगाकर प्रकृति सरंक्षण एवं संवर्द्धन में अपना योगदान दिया वहीं स्वयंसेविकाओं ने प्रतिदिन पौधों के रखरखाव एवं संरक्षण का संकल्प लिया।